आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 169 | उज्जैन, सोमवार 12 मई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा इंदौर में होगी स्थापित-मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## स्वामी विवेकानंदजी का संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा और आत्मबोध का प्रतीक



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में इंदौर के सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि-पूजन किया। महापुरुषों के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। यह भव्य प्रतिमा स्वामी जी की शिक्षाओं और दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में संत परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और उनमें से स्वामी विवेकानंद विलक्षण संत थे। उन्होंने निराकार ईश्वर के उपासक के रूप में मानवता की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि ÷मैं देखूंगा तो ही मानूंगा÷ जो उनके तर्कशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शरीर के माध्यम से जीवन सेवा का मंत्र दिया और आत्मनिर्भरता का आशीर्वाद प्राप्त कर मृत्यु पर विजय प्राप्त की। उन्होंने दुर्बलता और हीनता को जीवन का हिस्सा मानने से इनकार करते हुए इसे मृत्यु के समान बताया। उनका विश्वास था कि साहस, सामर्थ्य और आत्मबल के सहारे व्यक्ति सभी कमजोरियों को पार कर सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा और आत्मबोध का प्रतीक था। शिकागो धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक भाषण 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का जीवंत उदाहरण है, जिसने विश्व पटल पर भारत की संस्कृति और अध्यात्म का ध्वज लहराया। उन्होंने जीवन को अंदर से बाहर की ओर विकसित करने का मंत्र दिया और कर्म को ही साधना बताया।

# उनकी युद्ध नीति बहुत अच्छी है, ऑपरेशन सिंदूर पर पी चिदंबरम ने की पीएम मोदी की तारीफ



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बाद शनिवार को आखिरकार सीजफायर का एलान कर दिया गया है। फिलहाल दोनों देशों की सीमाओं पर शांति है। इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम का इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित एक कॉलम काफी ज्यादा सुर्खियों में आ गया है।

अपने लेख में की पीएम मोदी की तारीफ- अपने इस कॉलम में चिदंबरम ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युद्ध नीति की जमकर तारीफ की है और भारत द्वारा पाकिस्तान को दिए गए जवाब को बुद्धिमत्तापूर्ण और संतुलित बताया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए पर्यटकों पर आतंकी हमले के बाद देश में बदला लेने की आवाजें तेज थीं, लेकिन सरकार ने सीमित सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुनकर एक बड़ा युद्ध टाल दिया।

पी चिदंबरम ने कहा कि सैन्य कार्रवाई सीमित और सुनियोजित थी, जिसका उद्देश्य आतंकी संगठनों की बुनियादी ठांचे को नष्ट करना था। उन्होंने अपने लेख में पीएम मोदी के इस कदम को समझदारी भरा बताया। साथ ही उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत ने पूर्ण युद्ध की स्थिति को टालते हुए वैश्विक स्थिरता को प्राथमिकता दी।

# पाकिस्तान आधिकारिक भिखमंगा है, PAK को लोन मिलने पर भड़के ओवैसी




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहा तनाव अब शांत होने लगा है और दोनों देशों के बीच सीजफायर का एलान हो चुका है। हालांकि, भारत से चल रहे तनाव के बीच पाकिस्तान को इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड से 1 बिलियन का लोन मिलने पर भारत ने कड़ी आलोचना की थी।

ओवैसी ने साधा निशाना- इस कड़ी में AIMIM प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और पाकिस्तान को आधिकारिक भिखमंगा करार दिया है।

उन्होंने कहा, ये आधिकारिक भीख मांगेंगे। पाकिस्तान ने IMF से 1 बिलियन डॉलर का लोन लिया है।

ओवैसी ने कहा, IMF कोई अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष नहीं है, वे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय उग्रवादी कोष दे रहे हैं। अमेरिका, जर्मनी और जापान इस पर कैसे सहमत हो गए? नेतृत्व की बात तो भूल ही जाइए, पाकिस्तान अर्थव्यवस्था चलाना भी नहीं जानता।

# हमने घर में घुसकर मारा..., भारतीय सेना ने किस तरह दिया ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम; रक्षा मंत्री ने बताई एक-एक बात



नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बड़ी जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम HQ-9 तबाह हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने अकल्पनीय काम किया है, जिसके लिए उन्हें दिल से बधाई।

सेना की तारीफ की- राजनाथ सिंह ने सेना की तारीफ की और कहा, भारतीय सेना ने शौर्य का परिचय दिया और पीओके में आतंकी कैंप तबाह कर दिए। भारतीय सेना को हृदय से बधाई। दिल्ली में DRDO भवन में नेशनल क्वालिटी कॉन्क्लेव 2025 में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने यह बात कही है। उन्होंने कहा, सेना ने जो शौर्य और पराक्रम दिखाया है उसके लिए बधाई। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाकिस्तान में सेना ने आतंकी ठिकानों को तबाह किया। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता सराहनीय है और इसमें कोई भी निर्दोष नहीं मारा गया है। भारत की कार्रवाई में बहुत सारे आतंकवादी मारे गए हैं।

हमारी सहनशीलता का कोई नाजायज फायदा नहीं उठाए नहीं तो कल जैसा ही प्रहार होगा।

पाकिस्तान और क्श्य में हमारे सुरक्षा बलों ने जो किया है, वह हमारे लिए गौरव का विषय है।

क्वालिटी की भूमिका का नमूना हमने कल देखा। जिस सटीकता के साथ ऑपरेशन सिंदूर किया गया वह अकल्पनीय और सराहनीय है।

इसमें काफी संख्या में आतंकी मारे गए।

सेना ने किसी भी निर्दोष को नुकसान पहुंचाए बिना ऑपरेशन को अंजाम दिया, क्योंकि हमारे प्रोफेशनली आर्म्ड फोर्सेज के पास इक्विपमेंट भी हाई क्वालिटी के थे।

# यूपी-बिहार में सता रही गर्मी, दिल्ली-राजस्थान में आंधी-बारिश की चेतावनी



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में शनिवार को बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। हालांकि, दिल्ली में तेज बारिश लोगों के लिए आफत बन जाती है। बता दें कि पिछले कई दिनों से दिल्ली-एनसीआर में मौसम सुहावना बना हुआ है।

दिल्ली में छाए रहेंगे बादल- मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हल्की वर्षा होने की संभावना है। 10 से 20 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी। बीच-बीच में हवा की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटे तक भी जा सकती है। यूपी और बिहार में गर्मी बहुत परेशान कर रही है। पिछले 24 घंटे के अंतराल में तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। वातावरण में नमी का अधिकतम प्रतिशत 55 दर्ज किया गया जबकि इसे सामान्यत 40 प्रतिशत रहना चाहिए।

मौसम विज्ञानी डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे। शनिवार को तेज हवा चलने, गरज-चमक एवं धूल भरी आंधी के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

राजस्थान में शनिवार को दोपहर बाद मौसम बदला और कोटा,चित्तौड़गढ़ व भरतपुर सहित कई जिलों में तेज बारिश हुई। प्रदेश के सभी जिलों में दिनभर बादल छाए रहे। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के 30 एवं सोमवार को 27 जिलों में धूलभरी हवाओं के साथ बारिश की संभावना जताई है।

# 70 लाख रुपये की रिश्वत मामले में आयकर कमिश्नर गिरफ्तार, आवास से नकदी बरामद



नई दिल्ली (एजेंसी)। सीबीआई ने हैदराबाद के आयकर आयुक्त (छूट) जीवन लाल लाविडिया और चार अन्य को 70 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया है। उन पर पालोनजी समूह के पक्ष में एक अपील का निपटारा करने के लिए 70 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है।

जांच एजेंसी ने मुंबई, हैदराबाद, खम्मम, विशाखापत्तनम और नई दिल्ली में 18 स्थानों पर छापेमारी भी की। इसमें रिश्वत की रकम के अलावा लगभग 69 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। सभी आरोपितों को मुंबई, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विशेष सीबीआइ अदालतों में पेश किया गया।

# इस बार पाकिस्तान को घुसकर मारेंगे, पीएम मोदी की अमेरिका को दो टूक; बोले- किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे तनाव के बाद शनिवार को सीजफायर पर सहमति बनी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि उन्होंने ही दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कराई है। लेकिन भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया था।

भारत ने साफ कर दिया था कि पाकिस्तान ने फोन कर भारत से सीजफायर की गुजारिश की थी। अब समाचार एजेंसी एएनआई ने न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट से हवाले से दावा किया है कि पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बीच बातचीत हुई थी, जिसमें पीएम ने वेंस को दो टूक शब्दों में भारत का स्टैंड समझा दिया था।

गोली चली, तो गोला चलाएंगे- पीएम मोदी ने जेडी वेंस से कहा कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो इस बार जवाब और भी विनाशकारी और सख्त होगा। पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। अगर वहां से गोली चलेगी, तो यहां से गोला चलेगा।

सूत्रों के हवाले से ये भी दावा किया गया है कि दोनों देशों के एनएसए और विदेश मंत्रियों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। केवल पाकिस्तान के डीजीएमओ ने भारत के डीजीएमओ से बात की थी। दुनिया को ये भी संदेश दिया गया कि इस बार पहले ही तरह बातचीत नहीं होगी, पाकिस्तान यह भी अच्छे से समझ ले।

कश्मीर को लेकर स्टैंड क्लियर- सूत्रों के हवाले कहा गया कि भारत के हर हमले में पाकिस्तान को जबरदस्त नुकसान पहुंचा। हर वार के बाद पाकिस्तान की स्थिति और बुरी होती जा रही थी। पाकिस्तान बैटल के हर राउंड में हार रहा था। भारत ने विश्व को यह स्पष्ट कर दिया कि हम पीड़ितों और अपराधियों को समान नहीं मान सकते।

सूत्रों ने बताया कि सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि कश्मीर पर हमारा स्टैंड क्लियर है। केवल एक मुद्दा बचा है और वो ये है कि गुलाम जम्मू-कश्मीर को वापस लेना। इस बारे में कोई बातचीत नहीं होगी। अगर वह आतंक पर बात करेंगे, तो हम तैयार हैं। हमे किसी के मध्यस्थता की जरूरत नहीं है। बता दें कि तीनों सेनाओं की तरफ से आज शाम 6:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी।

# अब कश्मीर का समाधान भी निकल सकता है, भारत-पाकिस्तान में सीजफायर के बाद ट्रंप ने किया नया दावा



नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर तबाह किया था। इस ऑपरेशन को भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर का नाम दिया था।

भारत की इस कार्रवाई के बाद पाकिस्तान में काफी ज्यादा बौखलाहट थी और फिर पाकिस्तान ने भारत के जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और गुजरात में ड्रोन से हमला करने की कोशिश की थी, जिसे भारतीय डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही नाकाम कर दिया था।

भारत का करारा जवाब - पाकिस्तान की इस कायराना हरकत का भारत ने करारा जवाब दिया और पाकिस्तान के चार एयरबेस को निशाना बनाकर उसे तबाह कर दिया। धीरे-धीरे दोनों देशों के बीच तनाव काफी ज्यादा बढ़ता गया और स्थिति काफी ज्यादा नाजुक होती चली गई।

उधर पाकिस्तान की बेचैनी बढ़ती गई और फिर सामने आया अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ट्वीट, जिसमें उन्होंने बताया कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही देश तत्काल प्रभाव से सीजफायर के लिए मान गए हैं।

शनिवार को हुआ सीजफायर का एलान

शनिवार को दोनों देशों के बीच सीजफायर का एलान हुआ। हालांकि, इसके कुछ ही घंटों के बाद पाकिस्तान की तरफ से एक बार फिर ड्रोन्स भेजे गए और सीजफायर का उल्लंघन किया गया। लेकिन, कुछ ही समय में स्थिति फिर सामान्य हो गई।

दोनों देशों के बीच समझौता कराने के पीछे ट्रंप का काफी बड़ा हाथा माना जा रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने बताया था कि उन्होंने और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने पूरी रात भारत और पाकिस्तान के शीर्ष नेताओं से बात की और फिर पीएम मोदी से भी बातचीत की गई, जिसके बाद सीजफायर का समझौता दोनों देशों के बीच हुआ था। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 11 मई की सुबह एक और पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान दोनों देशों की सराहना की है।

# पुलवामा हमले में पाकिस्तान का ही था हाथ? पाक के एयर वाइस मार्शल ने कबूला जुर्म; आतंकी अटैक पर खुद खोली पोल

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान और भारत के बीच सीजफायर को लेकर सहमति तो बन गई, लेकिन पाकिस्तान अपनी हार मानने को तैयार नहीं है। इस बीच पाकिस्तान के एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने एक प्रेस कॉन्फेंस में पुलवामा हमले पर बात की। एयर चीफ ने बातों ही बातों में पुलवामा हमले को लेकर पाकिस्तान की पोल खोल दी।



पाकिस्तान के एयर वाइस मार्शल औरंगजेब अहमद ने पुलवामा हमले को रणनीतिक चतुराई बताया है। उनकी इस बयान का फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पाकिस्तानी वायु सेना के शीर्ष अधिकारी ने सीजफायर के बाद पाक में चल रही प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ये बयान दिया है।

पाकिस्तान वायु सेना के जनसंपर्क महानिदेशक अहमद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में आगे कहा, अगर पाकिस्तान की जमीन, आसमान या पानी को खतरा है, तो कोई समझौता नहीं होगा... हमने पुलवामा में अपनी प्रतिभा से यह संदेश देने की कोशिश की और अब हमने अपनी रणनीतिक कुशलता भी दिखा दी है। बता दें कि इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेशी पत्रकार भी शामिल थे।

बता दें 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में 40 भारतीय अर्धसैनिक बल के जवान मारे गए थे, जब पाकिस्तान समर्थित जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के काफिले को निशाना बनाया था। भारत ने पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में स्थित JeM के प्रशिक्षण शिविर को निशाना बनाकर बालाकोट हवाई हमले से जवाब दिया था।


## चीन ने दिखवाया अपना रंग, विदेश मंत्री वांग यी बोले- पाकिस्तान को हमारा पूरा समर्थन



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीटीआई के अनुसार, चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा है कि उनका देश पाकिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और आजादी की रक्षा के लिए दृढ़ता से उसके समर्थन में खड़ा रहेगा। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि चीन के विदेश मंत्री ने यह टिप्पणी उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार के साथ टेलीफोनिक बातचीत के दौरान की।

बातचीत के दौरान डार ने वांग यी को क्षेत्रीय स्थिति के ताजा हालात के बारे में जानकारी दी। बयान में कहा गया कि वांग ने पाकिस्तान के संयम की सराहना की। विदेश कार्यालय के अनुसार, वांग ने दोहराया कि चीन पाकिस्तान का हर तरह का रणनीतिक सहयोगी है और उसके समर्थन में अडिग रहेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर को लेकर बनी सहमति और बाद में पाक की ओर से इसके उल्लंघन की सूचना के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने शनिवार को चीन के विदेश मंत्री वांग यी से बातचीत की। पहलगाम आतंकी हमला होने के बाद यह भारत और चीन के बीच पहली उच्चस्तरीय वार्ता है। पिछले एक पखवाड़े में पीएम नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और एनएसए डोभाल ने दुनिया के सभी प्रमुख देशों के नेताओं से बात की है।

## बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का बड़ा फैसला, शेख हसीना की अवामी लीग पर लगा प्रतिबंध



नई दिल्ली (एजेंसी)। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पर शनिवार को आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया। यूनुस के कार्यालय ने कहा, इस संबंध में आधिकारिक गजट अधिसूचना अगले कार्य दिवस पर जारी की जाएगी।

कैबिनेट के बयान में कहा गया कि सलाहकार परिषद या मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया कि यह प्रतिबंध तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में अवामी लीग और उसके नेताओं के खिलाफ मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता ताकि देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा की जा सके।

यह निर्णय जुलाई 2024 में हुए बगावत के नेतृत्वकर्ताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए भी लिया गया, जिसने अवामी लीग को सत्ता से हटाया। इससे अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) में मुकदमे के शिकायतकर्ताओं और गवाहों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

## बलूचिस्तान में बीएलए ने पाक सेना का किया बुरा हाल, सरकारी ठिकानों और पुलिस पर किए जबरदस्त हमले



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसने सेना, पुलिस और कई सरकारी ठिकानों समेत 39 स्थानों पर हमला कर सरकारी तंत्र को भारी नुकसान पहुंचाया है।

बीएलए ने कुछ ही घंटों में 39 हमले कर डाले- बलूचिस्तान की स्वतंत्रता के लिए दशकों से संघर्ष कर रही बीएलए भारत के साथ पाकिस्तान के संघर्ष के दौरान एकाएक सक्रिय हुई और उसने कुछ ही घंटों में 39 हमले कर डाले। संगठन ने यह जानकारी विज्ञप्ति जारी करके दी है।

सरकारी ठिकानों पर हमले करके उन्हें नुकसान पहुंचाया- बीएलए के प्रवक्ता जीयांद बलूच ने कहा कि संगठन की कार्रवाई जारी है। बताया कि संगठन के लड़ाकों ने सेना के काफिले, पुलिस स्टेशनों, कई राजमार्गों और सरकारी ठिकानों पर हमले करके उन्हें नुकसान पहुंचाया है।

संगठन ने कई पुलिस थानों पर कब्जा भी कर लिया है और प्रांत में कई रास्ते बंद कर दिए हैं। संगठन की कार्रवाई और कब्जे में लिए गए ठिकानों के बारे में विस्तृत जानकारी जल्द दी जाएगी।

बीएलए का कहना है कि क्षेत्र में प्राकृतिक संपदा का अकूत भंडार है। इस भंडार को पाकिस्तान सरकार अपने हितों के लिए इस्तेमाल कर रही है लेकिन प्रांत के लोगों को कुछ भी हासिल नहीं हो रहा है।

पाकिस्तानी सेना बलूचों का उत्पीड़न करती है

जब हित की बात की जाती है तो पाकिस्तानी सेना बलूचों का उत्पीड़न करती है और उन्हें गायब कर देती है। यह सिलसिला दशकों से जारी है। लापता हुए लोगों की संख्या हजारों में है। आशंका है कि उनमें से ज्यादातर को मार डाला गया।

## युद्ध भारत का विकल्प नहीं, लेकिन, NSA अजीत डोभाल की चीनी विदेश मंत्री से फोन पर क्या हुई बात?




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार NSA अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की फोन पर बातचीत हुई है। जिसमें दोनों पक्षों ने स्पष्ट किया कि नई दिल्ली और इस्लामाबाद बातचीत के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाएंगे और एक स्थायी युद्धविराम हासिल करेंगे।

युद्ध भारत का विकल्प नहीं है, लेकिन पहलगाम हमले के बाद भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की जरूरत है। वांग ने बातचीत के दौरान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की भी निंदा की, उन्होंने विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें भारतीय सुरक्षा बलों को भारी क्षति पहुंचाई गई थी।

चीन के विदेश मंत्री ने इशाक डार से भी की बात- शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार वांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री मोहम्मद इशाक डार से भी बात की। पहलगाम हमले के जवाब में 7 मई को भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ढांचे पर हमला करने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच दुश्मनी बढ़ गई थी। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी।

भारत और पाकिस्तान मतभेदों को सुलझाएंगे- डोभाल के साथ अपनी बातचीत में वांग ने उम्मीद जताई कि भारत और पाकिस्तान शांत और संयमित रहेंगे, बातचीत और परामर्श के माध्यम से मतभेदों को ठीक से संभालेंगे और स्थिति को बढ़ाने से बचेंगे।

## अब रूस और यूक्रेन में होगा सीजफायर! 15 मई को इस्तांबुल में बड़ी बैठक; पुतिन ने जेलेंस्की को भेजा न्योता



नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस और यूक्रेन में हो रहे युद्ध के बीच एक राहत वाली खबर सामने आई है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 15 मई को इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ बिना किसी शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का प्रस्ताव रखा है।

फिर शुरू होगी शांति वार्ता- शनिवार को क्रेमलिन में पत्रकारों से बात करते हुए पुतिन ने 2022 में दोनों देशों के बीच शुरू हुई शांति वार्ता को फिर से शुरू करने के संकेत दिए हैं। इस कदम से दोनों देशों के संघर्ष में एक नया मोड़ आ सकता है।

पुतिन ने कहा, रूस ने 2022 में वार्ता नहीं तोड़ी। यह कीव था। फिर भी हम प्रस्ताव कर रहे हैं कि कीव बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी वार्ता फिर से शुरू करे। सब कुछ के बावजूद, हम कीव अधिकारियों को गुरुवार को इस्तांबुल में वार्ता फिर से शुरू करने की पेशकश करते हैं।

उन्होंने कहा, मैं आपको याद दिला दूं कि इन वार्ताओं के परिणामस्वरूप एक संयुक्त मसौदा दस्तावेज तैयार किया गया था और कीव वार्ता समूह के प्रमुख द्वारा इस पर हस्ताक्षर भी किए गए थे, लेकिन पश्चिम के आग्रह पर इसे कूड़ेदान में फेंक दिया गया।

रूसी राष्ट्रपति ने कहा, रूस ने बार-बार युद्ध विराम की पहल की है। कीव के अधिकारियों ने हमारे किसी भी युद्ध विराम प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। घोषित युद्ध विराम के तीन दिनों के दौरान, कीव ने रूसी सीमा पर हमला करने के 5 प्रयास किए हैं।

# पाक के साथ तनाव में भारत ने क्या संदेश दिया? पाकिस्तानी हुकुमत को सीधा अल्टीमेटम




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच जंग जैसे हालात के बाद रविवार को सीजफायर किया गया। हालांकि शाम पांच बजे सीजफायर लागू होने के बाद भी पाकिस्तान ने सीजफायर का उल्लंघन किया। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने 11 मई को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से फोन पर बात की।

विदेश मंत्री ने उनसे कहा, हम पाकिस्तान में आतंकवादियों पर हमला करेंगे, और इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए- इस बीच सरकार के एक सूत्रों ने दावा किया है कि ऑपरेशन सिंदूर खत्म नहीं हुआ है; अगर वे गोली चलाएंगे तो हम गोली चलाएंगे और अगर वे हमला करेंगे तो हम हमला करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर के तहत तीन प्रमुख लक्ष्यों को पूरी तरह हासिल किया गया।

मिलिट्री ऑब्जेक्टिव हुआ पूरा - सूत्रों ने कहा, सैन्य स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था मिट्टी में मिला देंगे, बहावलपुर, मुरिदके और मुजफ़्फ़राबाद के कैंप को मिट्टी में मिला दिया। यह बयान सीधे-सीधे पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी ठिकानों पर भारत की कार्रवाई की पुष्टि करता है।

यह ऑपरेशन पाकिस्तान के कई एयरबेस और आतंकी अड्डों को निशाना बनाकर अंजाम दिया गया। भारत ने न सिर्फ घुसकर मारा बल्कि यह भी बता दिया कि भारत अब आतंकियों को पनाह देने वाले पाकिस्तान को बख्शने के मूड में नहीं है।

सूत्रों के मुताबिक, हर चरण में पाकिस्तान को शिकस्त का सामना करना पड़ा और उसे यह एहसास हो गया कि वह भारत को टक्कर नहीं दे सकता है।

सिंधु जल संधि का निलंबन से भारत ने दिया अल्टीमेटम- राजनीतिक मोर्चे पर भी भारत ने कड़ा संदेश दिया है। भारत ने पहली बार सिंधु जल संधि को सीमा पार आतंकवाद से जोड़ते हुए कहा कि जब तक पाकिस्तान से आतंकवाद बंद नहीं होता, यह संधि स्थगित रहेगी। इस कदम को पाकिस्तान पर राजनीतिक दबाव के रूप में देखा जा रहा है।

## हमें किसी तीसरे पक्ष की, ट्रंप ने उठाया कश्मीर का मुद्दा तो प्रियंका चतुर्वेदी ने दिया करारा जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच कल सीजफायर पर सहमति बनी। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इसका एलान करते हुए कहा, अमेरिकी की मध्यस्थता के बाद दोनों ने संघर्ष विराम का एलान किया और साथ ही ट्रंप ने कश्मीर मुद्दे पर भी बयान दिया। अब इस पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी का बयान सामने आया है। प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि कश्मीर मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा मध्यस्थता की पेशकश के बाद भारत को इसका समाधान खोजने के लिए अमेरिका या किसी देश के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है।

इससे पहले ट्रंप ने पोस्ट में लिखा था, मुझे गर्व है कि अमेरिका आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचने में मदद करने में सक्षम था। हालांकि इस पर चर्चा भी नहीं हुई है, लेकिन मैं इन दोनों महान देशों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं।

उन्होंने अपने अन्य पोस्ट में लिखा था, मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या इतने सालों के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है। अगर दोनों के बीच शांति स्थापित नहीं होती तो लाखों लोग मारे जाते।

## 1971 और 2025 के हालात अलग, कांग्रेस के इंदिरा गांधी कैंपेन के बीच ये क्या बोल गए शशि थरूर?



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर समझौते को लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। PAK के साथ हुए इस संघर्ष की तुलना 1971 में हुए युद्ध से की जा रही है। सोशल मीडिया पर इसको लेकर बहस जारी है। इस बहस के बीच अब कांग्रेस नेता शशि थरूर का एक बड़ा बयान सामने आया है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि 1971 और 2025 के हालात एक जैसे नहीं हैं। दरअसल कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 1971 के नेतृत्व को उभारते हुए मोदी सरकार के युद्ध नीति की आलोचना करने शुरू कर दी है।

अब समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान कांग्रेस सांसद से कांग्रेस द्वारा सोशल मीडिया पर दिखाए गए इंदिरा गांधी अभियान के बारे में सवाल किए गए। अभियान पर सीधे टिप्पणी किए बिना थरूर ने जवाब दिया, मेरे हिसाब से सच्चाई यह है कि हम उस स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां तनाव बेवजह नियंत्रण से बाहर हो रहा है। हमारे लिए शांति जरूरी है। सच्चाई यह है कि 1971 के हालात 2025 के हालात जैसे नहीं हैं। दोनों में अंतर है।

मैं ये नहीं कह रहा कि युद्ध बंद- शशि थरूर ने आगे कहा, भारत के लोग शांति के हकदार हैं। हमने बहुत कुछ सहा है, पुंछ के लोगों से पूछिए, कितने लोग मारे गए हैं।

## विक्रम मिसरी को ट्रोल करने वालों को ओवैसी ने लताड़ा, बोले- इतने ईमानदार डिप्लोमेट को...; कांग्रेस ने भी किया समर्थन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर होने के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जा रहा है। ट्रोल्स ने उनकी पुरानी तस्वीरें और परिवार के सदस्यों के बारे में भी अभद्र टिप्पणियां की हैं। इसके कारण विक्रम मिसरी ने अपना एक्स अकाउंट के पोस्ट प्रोटेक्ट कर दिए हैं।

इस बीच ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी विक्रम मिसरी के समर्थन में उतर आए हैं। उन्होंने ट्रोल्स को लताड़ लगाते हुए विक्रम मिसरी को हार्ड वर्किंग और ईमानदार डिप्लोमेट बताया है।

ओवैसी बोले- कार्यपालिका के अधीन होता है काम

ओवैसी ने लिखा, विक्रम मिसरी एक सभ्य और ईमानदार मेहनती राजनयिक हैं, जो हमारे देश के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं।


हमारे सिविल सेवक कार्यपालिका के अधीन काम करते हैं, यह याद रखना चाहिए और उन्हें कार्यपालिका या देश चलाने वाले किसी भी राजनीतिक नेतृत्व द्वारा लिए गए निर्णयों के लिए दोषी नहीं ठहराया जाना चाहिए।

इसके पहले कांग्रेस नेता सलमान अनीस सोज ने भी ट्रोल्स को लताड़ लगाते हुए विक्रम मिसरी का पक्ष लिया था। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा, विक्रम मिसरी एक कश्मीरी हैं और उन्होंने भारत को गौरवान्वित किया है। किसी भी तरह की ट्रोलिंग देश के प्रति उनकी सेवा को कम नहीं कर सकती। अगर शुक्रिया नहीं कह सकते, तो अपना मुंह बंद रखो।

बता दें कि विक्रम मिसरी ने दिल्ली के हिंदू कॉलेज से पढ़ाई की है। वह इंडियन फॉरेन सर्विस में आने से पहले एडवर्टाइजिंग में काम करते थे।

उन्होंने पीएमओ के अलावा कई भारतीय मिशनों में भी काम किया है। उन्हें पिछले साल जुलाई में विदेश सचिव बनाया गया था।

# सीजफायर लागू, लेकिन PAK पर दबाव बरकरार; पाकिस्तान के खिलाफ भारत के ये फैसले रहेंगे लागू



नई दिल्ली (एजेंसी)। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पार तनाव बढ़ने के बाद भारत और पाकिस्तान तत्काल संघर्ष विराम पर सहमत हो गए हैं। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। संघर्ष विराम भारतीय और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच बातचीत का परिणाम था।

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक हमले किए जाने के बाद पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मिसाइलें और ड्रोन दागे, जिन्हें भारतीय सेना की वायु रक्षा प्रणालियों ने नाकाम कर दिया था।

सिंधु जल संधि का निलंबन- सरकारी सूत्रों ने पुष्टि की है कि सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा, शनिवार को हुए युद्ध विराम समझौते में कोई पूर्व शर्त नहीं है और सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी।

एकीकृत चेक पोस्ट बंद रहेगी- अटारी में एकीकृत चेक-पोस्ट भी बंद रहेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच अटारी-वाघा सीमा क्रॉसिंग को एक सप्ताह तक भारी सीमा पार आवाजाही के बाद पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। व्यापार प्रतिबंध

पाकिस्तान से सभी आयातों पर प्रतिबंध, चाहे वे प्रत्यक्ष हों या मध्यस्थ देशों के माध्यम से अभी जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान में पंजीकृत जहाजों को भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश करने से रोक दिया गया है और भारतीय जहाजों को पाकिस्तानी बंदरगाहों तक पहुंचने पर रोक लगा दी गई है।

एयरस्पेस बंद- भारत पाकिस्तान से आने-जाने वाली या पाकिस्तान से होकर जाने वाली उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करना जारी रखेगा, यह कदम 30 अप्रैल से लागू हुआ था।

पाकिस्तानी एक्टर और एक्ट्रेस पर प्रतिबंध- राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में भारत में पाकिस्तानी अभिनेताओं और कलाकारों पर प्रतिबंध जारी रहेगा।

# सीजफायर पर क्यों बना सस्पेंस? मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, सचिन पायलट ने भी उठाए सवाल



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच अचानक हुए सीजफायर से हर कोई हैरान है। सीजफायर को लेकर विपक्ष के मन में भी कई तरह के सवाल हैं, जिसे लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। वहीं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने सीजफायर में अमेरिका की भूमिका पर सवाल खड़े किए हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान पर हमले का पूरे विपक्ष ने समर्थन किया है। हालांकि, 4 दिन के संघर्ष के बाद अचानक लागू हुए सीजफायर पर अभी भी सस्पेंस बना हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को पत्र लिखते हुए संसद का स्पेशल सेशल बुलाने की अपील की है, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले से लेकर ऑपरेशन सिंदूर और सीजफायर पर सबकुछ साफ हो सके।

मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने पत्र में लिखा- आदरणीय प्रधानमंत्री, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भी मैंने आपको संसद सत्र बुलाने से संबंधित पत्र लिखा था। अब ऑपरेशन सिंदूर के बाद मैं पूरे विपक्ष की तरफ से फिर आपसे गुजारिश करता हूं कि पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और अमेरिका के द्वारा सीजफायर की घोषणा पर बातचीत के लिए संसद का स्पेशल सेशन बुलाया जाए।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने भी सीजफायर में अमेरिका की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि, ÷22 अप्रैल को भारत पर जो आतंकी आक्रमण हुआ, उसका बदला लेने के लिए पूरे देश ने सरकार को समर्थन दिया। हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। उसके लिए हमें उनपर गर्व है।

पाकिस्तान ने सीजफायर होने के बाद जो बमबारी की है वो चिंता का विषय है और उसकी घोषणा अमेरिका के माध्यम से हो रही है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण पूर्णिमा


## संपादकीय

# राजस्थान गुजरात से लेकर पंजाब तक के अनेकों शहरों में 26 से अधिक ड्रोन द्वारा हमला किया गया...



वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की लगातार सटीक नजरें आज 10 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग तक लगी रही कि किस तरह जम्मू कश्मीर, राजस्थान गुजरात से लेकर पंजाब तक के अनेकों शहरों में 26 से अधिक ड्रोन द्वारा हमला किया गया, जिसमें भारत के ड्रोन रडार सिस्टम द्वारा जांबाज़ी से नाकाम कर दिया गया, हालांकि पाक की आर्थिक स्थिति अति नाजुक है, इसलिए ही ड्रोन की जांच पर वह तुर्की में बना हुआ पाया गया, परंतु ताजुब की बात कि 1989 से लेकर 35 वर्षों में पाक को आईएमएफ से 28 वर्षों तक लगातार फंड मिलाहै,2019 से पिछले 5 वर्षों में आईएमएफ द्वारा 4 बार कर्ज दिया गया है, पाक का विदेशी मुद्रा भंडार 10.33 अरब डॉलर है तो भारत का 686 अरब डॉलर है, इसी से भारत पाक की आर्थिक स्थिति का अंधा जल लगाया जा सकता है। आज हम भारत-पाकिस्तान युद्ध के हालातो के बीच आईएमएफ लोन की बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि दिनांक 9 व 10 मई 2025 की मध्य रात्रि में आईएमएफ ने फिर एक बार पाक को 2.3 अरब डॉलर यानी करीब 20 हज़ार करोड़ का लोन पारित कर दिया गया है, वह भी भारत पाक जंग के मुहाने पर खड़े पाक की नाजुक आर्थिक हालातो पर जबकि आईएमएफ के 191 सदस्य हैं, तथा इतने बड़े मुद्दे पर वोटिंग भी होती है। परंतु बड़े ताजुब की बात है कि भारत के सख्त विरोध व अनेक एविडेंस देने के बाद भी लोन पारित कर दिया गया,व एक अरब डॉलर को तुरंत जारी कर दिया जाएगा। बता दें असल में आईएमएफ के 25 निदेशक होते हैं, जो दुनियाँ भर के देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं, यहां फैसला ज्यादातर सहमति या कंसेंसेस से किया जाता है लेकिन अगर वोटिंग की बात आती है तो, या तो समर्थन की इजाजत होती है या फिर अब्सेंट की इजाजत ऐसे में अगर विरोध दिखाना है तो एब्सेंट ही रहा जाता है परंतु भारत द्वारा विरोध दर्ज करते हुए एब्सेंट ही रहा परंतु अपने अरगुमेंट में जबरदस्त विरोध कराया परंतु फिर भी लोन पारित किया गया क्योंकि भारत का आईएफ को कड़ा संदेश, यह पैसा पाक की अर्थव्यवस्था को सुधरेगा नहीं बल्कि टेरर फंडिंग में उपयोग होगा फिर भी 191 सदस्यों वाले इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड द्वारा भारत पाक जंग के हालातो के बीच इतनी बड़ी लोन राशि को स्वीकार करना कोई साजिश, रणनीति या सिफारिश है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत पाकिस्तान जंग के हालातो के बीच, 191 देशों के सदस्यों वाले इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड द्वारा पाक को 2.3 अरब डॉलर लोन की मंजूरी दी।

साथियों बात अगर हम भारत पाक के जंग जैसे हालातो के बीच आईएमएफ द्वारा पाक के लिए 2.3 अरब डॉलर के लोन को सेंशन करने की करें तो, आईएमएफ ने पाकिस्तान को 2.3 अरब डॉलर (20 हजार करोड़ रुपए) के दो पैकेजों को मंजूरी दे दी है।इस लोन में से 1 अरब डॉलर (8500 करोड़ रुपए) एक्सटेंड फंड फैसेलिटी के तहत तत्काल दिए जाएंगे, जबकि 1.3 अरब डॉलर (11 हजार करोड़ रुपए) का लोन अगले 28 महीने तक किस्तों में दिया जाएगा।

साथियों बात अगर हम आईएमएफ के वोटिंग के आधार और आईडीआर को जानने की करें तो, इधर, जंग के हालात के बीच इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड ने पाकिस्तान को 2.3 अरब डॉलर (20 हजार करोड़ रुपए) के दो पैकेजों को मंजूरी दे दी है।इस लोन में से 1 अरब डॉलर (8500 करोड़ रुपए) एक्सटेंड फंड फैसेलिटी के तहत तत्काल दिए जाएंगे, जबकि 1.3 अरब डॉलर (11 हजार करोड़ रुपए) का लोन अगले 28 महीने तक किस्तों में दिया जाएगा। आईएमएफ में 191 देश सदस्य हैं। हर देश

# बुद्ध पूर्णिमा



बुद्ध पूर्णिमा वैशाख मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है। इसे बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। यह बौद्ध धर्म में आस्था रखने वालों का एक प्रमुख त्यौहार है। पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का स्वर्गारोहण समारोह भी मनाया जाता है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान बुद्ध को बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी। आज बौद्ध धर्म को मानने वाले विश्व में 50 करोड़ से अधिक लोग इस दिन को बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। बुद्ध पूर्णिमा के दिन दान-पुण्य और धर्म-कर्म के अनेक कार्य किए जाते हैं। यह स्नान लाभ की दृष्टि से अंतिम पर्व है। इस दिन मिष्ठान, सत्तू, जलपात्र, वस्त्र दान करने तथा पितरों का तर्पण करने से बहुत पुण्य की प्राप्ति होती है।

### सत्य विनायक पूर्णिमा

यह सत्य विनायक पूर्णिमा भी मानी जाती है। भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के दरिद्र मित्र ब्राह्मण सुदामा जब द्वारिका उनके पास मिलने पहुंचे तो श्रीकृष्ण ने उनको सत्यविनायक व्रत का विधान बताया। इसी व्रत के प्रभाव से सुदामा की सारी दरिद्रता जाती रही तथा वह सर्वसुख सम्पन्न और ऐश्वर्यशाली हो गया। इस दिन धर्मराज की पूजा करने का विधान है। इस व्रत से धर्मराज की प्रसन्नता प्राप्त होती है और अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता। वैशाख की पूर्णिमा को ही भगवान विष्णु का नौवाँ अवतार भगवान बुद्ध के रूप में हुआ था। इसी दिन भगवान बुद्ध का निर्वाण हुआ था। उनके अनुयायी इस दिवस को बहुत धूमधाम से मनाते हैं।

### उत्सव और अनुष्ठान

बुद्ध पूर्णिमा के दिन अलग-अलग पुण्य कर्म करने से अलग-अलग फलों की प्राप्ति होती है। धर्मराज के निमित्त जलपूर्ण कलश और पकवान दान करने से गोदान के समान फल प्राप्त होता है। पांच या सात ब्राह्मणों को मीठे तिल दान देने से सब पापों का क्षय हो जाता है। यदि तिलों के जल से स्नान करके घी, चीनी और तिलों से भरा पात्र भगवान विष्णु को निवेदन करें और उन्हीं से अग्नि में आहुति दें अथवा तिल और शहद का दान करें, तिल के तेल के दीपक जलाएं, जल और तिलों का तर्पण करें अथवा गंगा आदि में स्नान करें तो व्यक्ति सब पापों से निवृत्त हो जाता है। इस दिन शुद्ध भूमि पर तिल फैलाकर काले मृग का चर्म बिछाएं तथा उसे सभी प्रकार के वस्त्रों सहित दान करें तो अनंत फल प्राप्त होता है। यदि इस दिन एक समय भोजन करके पूर्णिमा, चंद्रमा अथवा सत्यनारायण का व्रत करें तो सब प्रकार के सुख, सम्पदा और श्रेय की प्राप्ति होती है।

### समारोह

बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा सबसे बड़ा त्योहार का दिन होता है। इस दिन सारे विश्व में जहाँ कहीं भी बौद्ध धर्म के मानने वाले रहते हैं, वहाँ अनेक प्रकार के समारोह आयोजित किए जाते हैं। अलग-अलग देशों में वहाँ के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं।

श्रीलंकाई इस दिन को वेसाक उत्सव के रूप में मनाते हैं, जो वैशाख शब्द का अपभ्रंश है।

इस दिन बौद्ध घरों में दीपक जलाए जाते हैं और फूलों से घरों को सजाया जाता है।

दुनिया भर से बौद्ध धर्म के अनुयायी बोधगया आते हैं और प्रार्थनाएँ करते हैं।

बौद्ध धर्म के धर्मग्रंथों का निरंतर पाठ किया जाता है।

मंदिरों व घरों में अगरबत्ती लगाई जाती है। मूर्ति पर फल-फूल चढ़ाए जाते हैं और दीपक जलाकर पूजा की जाती है।

बोधिवृक्ष की पूजा की जाती है। उसकी शाखाओं पर हार व रंगीन पताकाएँ सजाई जाती हैं। जड़ों में दूध व सुगंधित पानी डाला जाता है। वृक्ष के आसपास दीपक जलाए जाते हैं।

इस दिन मांसाहार का परहेज होता है, क्योंकि बुद्ध पशु हिंसा के विरोधी थे।

इस दिन किए गए अच्छे कार्यों से पुण्य की प्राप्ति होती है।

पक्षियों को पिंजरे से मुक्त कर खुले आकाश में छोड़ा जाता है।

गरीबों को भोजन व वस्त्र दिए जाते हैं।

दिल्ली संग्रहालय इस दिन बुद्ध की अस्थियों को बाहर निकालता है, जिससे कि बौद्ध धर्मावलंबी वहाँ आकर प्रार्थना कर सकें।

### बुद्ध पूर्णिमा स्नान का महत्त्व

वैसे तो प्रत्येक माह की पूर्णिमा श्रीहरि विष्णु भगवान को समर्पित होती है। शास्त्रों में पूर्णिमा को तीर्थ स्थलों में गंगा स्नान का विशेष महत्व बताया गया है। वैशाख पूर्णिमा का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि इस पूर्णिमा को सूर्य देव अपनी उच्च राशि मेष में होते हैं और चंद्रमा भी उच्च राशि तुला में। शास्त्रों में पूरे वैशाख माह में गंगा स्नान का महत्व बताया गया है। शास्त्रों में यह भी वर्णित है कि पूर्णिमा का स्नान करने से पूरे वैशाख माह के स्नान के बराबर पुण्य मिलता है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन किया गया स्नान मनुष्य के कई जन्मों के अधर्मी कार्यों को समाप्त कर सकता है, ऐसी मान्यता रही है।

### प्रेरक प्रसंग

महात्मा बुद्ध के सद्गुणों से प्रभावित होकर बहुत-से लोग उनके शिष्य बन गए थे। आम जनमानस उनका बहुत आदर सत्कार करता था। किंतु संसार में जहां संतों का आदर सम्मान करने वाले संस्कारी लोग होते हैं, वहां अकारण ही उनसे ईर्ष्या, द्वेष करने वाले व्यक्ति भी संसार में मिल ही जाते हैं। ऐसा ही एक व्यक्ति महात्मा बुद्ध से अकारण ही वैर भाव रखता था और उन्हें गालियां दिया करता था। महात्मा बुद्ध उसकी गालियों का कोई उत्तर न देते। उसकी ओर देखकर मुस्कराते और आगे बढ़ जाते।

एक बार निरंतर दो दिन तक महात्मा बुद्ध को वह व्यक्ति दिखाई न दिया। उन्होंने एक शिष्य को उस व्यक्ति का पता लगाने को कहा। शिष्य ने थोड़ी देर में पता लगाकर बताया कि वह व्यक्ति परसों घोड़े पर सवार होकर कहीं जा रहा था, मार्ग में घोड़ा अचानक बिगड़ गया और बेकाबू हो गया। वह व्यक्ति संभल न सका और नीचे गिर गया। जिससे उसे बहुत चोटें आई हैं। बिस्तर पर पड़ा वह दर्द से कराह रहा है। अपने घर में वह अकेला ही रहता है। वह चूंकि अत्यंत क्रोधी और झगड़ालू प्रकृति का है, इसलिए कोई पड़ोसी उसके पास नहीं फटकता। सारा वृतांत सुनते ही महात्मा बुद्ध का हृदय करुणा से भर गया। वे तुरंत उसके घर चल दिए और सीधे उस कमरे में पंहुचे, जहां पड़ा वह दर्द से कराह रहा था। उसके माथे पर प्यार भरा हाथ रखते हुए कहा, कैसी तबीयत है। आवाज सुनते ही उसने आँखें खोली। महात्मा बुद्ध को देखते ही वह अपना सारा दर्द भुल गया। वह एकटक उन्हें आँखें फाड़ फाड़ कर देखने लगा। कुछ पल ऐसे ही देखता रहा, फिर उठने का प्रयास करने लगा। महात्मा बुद्ध बोले, ÷उठो नहीं, तुम्हें आराम की आवश्यकता है÷। फिर उसके घावों को अच्छी तरह साफ करके मरहम पट्टी की, दो भिक्षुओं को वहां रहकर उसकी सेवा करने का आदेश दिया। फिर उस व्यक्ति को संबोधित करते हुए बोले, ÷जब तक तुम पूरी तरह स्वस्थ नहीं हो जाते, ये दोनों यहीं रहकर तुम्हारी सेवा करेंगे÷। महात्मा बुद्ध के प्रेम भरे शब्द सुनकर उसे अपने किए पर बहुत पछतावा हुआ। उसने तथागत के चरणों में गिरकर अपने अनुचित व्यवहार के लिए माफी मांगी और उनका शिष्य हो गया।

### बुद्ध की शिक्षा

मनुष्य जिन दुःखों से पीड़ित है, उनमें बहुत बड़ा हिस्सा ऐसे दुःखों का है, जिन्हें मनुष्य ने अपने अज्ञान, ग़लत ज्ञान या मिथ्या दृष्टियों से पैदा कर लिया हैं उन दुःखों का प्रहाण अपने सही ज्ञान द्वारा ही सम्भव है, किसी के आशीर्वाद या वरदान से उन्हें दूर नहीं किया जा सकता।

सत्य या यथार्थता का ज्ञान ही सम्यक ज्ञान है। अतः सत्य की खोज दुःख मोक्ष के लिए परमावश्यक है।

खोज अज्ञात सत्य की ही की जा सकती है। यदि सत्य किसी शास्त्र, आगम या उपदेशक द्वारा ज्ञात हो गया है तो उसकी खोज, खोज नहीं। अतः बुद्ध ने अपने पूर्ववर्ती लोगों द्वारा या परम्परा द्वारा बताए सत्य को नकार दिया और अपने लिए नए सिरे से उसकी खोज की।

# India-UK FTA से मर्सिडीज-बीएमडब्ल्यू के दाम पर असर नहीं



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने इंग्लैंड के साथ जो फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है, उससे भारत में पहले से बिक रही लक्जरी कारों के दाम पर कोई खास पड़ने की संभावना नहीं है। दूसरी ओर इस समझौते से आने वाले कुछ वर्षों में भारत से इंग्लैंड को इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में कई गुना वृद्धि होने की संभावना है।

भारत में इंग्लैंड से कार आयात पर ड्यूटी 100त्न से अधिक है, इस एफटीए में इसे घटकर 10% किया गया है। इससे जगुआर लैंड रोवर, बेंटले और एस्टन मार्टिन जैसी लक्जरी गाड़ियों के दाम यहां कम होंगे। हालांकि भारत में मर्सिडीज बेंज और बीएमडब्ल्यू कंपनियों ने कहा है कि इससे भारत में लक्जरी कारों के बाजार पर कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा।

क्या कहा मर्सिडीज इंडिया के प्रमुख ने- मर्सिडीज बेंज इंडिया के एमडी और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि एक बहुराष्ट्रीय कंपनी होने के नाते हम हमेशा फ्री ट्रेड का समर्थन करते हैं। उन्होंने बताया कि अभी भारत में जो मर्सिडीज की गाड़ियां बिकती हैं उनमें 95त्न सीकेडी होती हैं। इसका मतलब है कि आज भी इन गाड़ियों पर 15 से 16 प्रतिशत टैरिफ लगता है। इसलिए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से कीमतों में बहुत करेक्शन आने की संभावना नहीं है।

बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के प्रेसिडेंट और सीईओ विक्रम पाहवा ने भी कहा कि उनकी कंपनी फ्री मार्केट और ट्रेड बैरियर में कमी का समर्थन करती है। यह आर्थिक विकास के लिए अच्छा है। भारतीय लक्जरी कार सेगमेंट पर इसके प्रभाव के बारे में उन्होंने कहा कि यह एग्रीमेंट की डिटेल सामने आने पर ही स्पष्ट होगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री पर क्या होगा असर

इंडिया सेल्यूलर इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने एक बयान में कहा कि इंग्लैंड अभी विभिन्न देशों से 76 अरब डॉलर के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान का आयात करता है। भारत से इंग्लैंड को इलेक्ट्रॉनिक्स का निर्यात सिर्फ दो अरब डॉलर का है। स्नझ्र से भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री को निर्यात बढ़ाने का मौका मिलेगा। इससे वर्ष 2031 तक भारत से कुल इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 180 से 200 अरब डॉलर के लक्ष्य को हासिल करने में भी मदद मिलेगी।

## रेखा झुनझुनवाला के निवेश वाले स्टॉक ने डिविडेंड के लिए तय किया रिकॉर्ड डेट




नई दिल्ली (एजेंसी)। रेखा झुनझुनवाला के निवेश वाली बैंकिंग स्टॉक केनरा बैंक ने बीते हफ्ते डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। इस बैंकिंग स्टॉक ने दी जानकारी में कहा है कि 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 4 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। इन केनरा बैंक के योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 400 प्रतिशत का फायदा मिलेगा। रेखा झुनझुनवाला के निवेश वाली कंपनी ने बताया है कि 13 जून 2025, दिन शुक्रवार को डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट तय किया गया है।

गुरुवार 8 मई को केनरा बैंक ने तिमाही नतीजों का ऐलान किया था। बैंक ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में बताया है कि उनका नेट प्रॉफिट मार्च तिमाही में 5002.66 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी के नेट प्रॉफिट में 33.15 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। एक साल पहले इसी तिमाही में केनरा बैंक का नेट प्रॉफिट 3757.23 करोड़ रुपये रहा था।

केनरा बैंक के शेयरों का बंटवारा बीते साल हुआ था। कंपनी के शेयरों को तब 5 हिस्सों में बांटा गया था। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो गई थी। शुक्रवार को भारी बिकवाली के दौर में भी इस सरकारी बैंक के शेयरों का भाव 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी हासिल करने में सफल रहा।

## हाय पाकिस्तान की डगमगाती अर्थव्यवस्था, रिलायंस के रेवेन्यू से भी आधा है पूरे देश का बजट



नई दिल्ली (एजेंसी)। शनिवार शाम को सीजफायर का ऐलान करने के बाद रात में ही पाकिस्तान की सेना ने इसका उल्लंघन करते हुए भारत पर ड्रोन और मिसाइल दाग दिए। भारतीय सेना ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब दे दिया। खास बात ये है कि पाकिस्तान ऐसे समय में इस लड़ाई को बढ़ा रहा है, जब वह खुद कंगाल होने के मुहाने पर खड़ा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से मिले 2.3 अरब डॉलर की सहायता से वह अपने उधार चुकाने में सफल हो पा रहा है।

दरअसल, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अभी से नहीं, बल्कि सालों से डगमगाई हुई है। अभी की परिस्थिति को भी पाकिस्तान सरकार झेल नहीं पा रही है।

मौजूदा परिस्थिति में पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी खराब हो गई है कि उन्हें अपने रोजी-रोटी के लिए दूसरे देशों से उधार मांगना पड़ रहा है। ऐसा नहीं है कि युद्ध जैसी स्थितियों के बाद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था खराब हुई है। ये सालों से ही उधार के सहारे चल रही है।

आज आलम ये है कि पाकिस्तान का वित्त वर्ष 2025-26 का पूरा बजट ही भारत की एक कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के रेवेन्यू का लगभग आधा रह गया है।

कितना है पाकिस्तान का बजट- पाकिस्तान के वित्त और राजस्व मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने राष्ट्रीय विधानसभा में बजट पेश किया था। ये बजट जुलाई 2024 से जून 2025 तक का था। इसका कुल व्यय 18,900 अरब रुपये (लगभग 67.84 अरब अमेरिकी डॉलर) था। ये कुल व्यय रिलायंस के रेवेन्यू से लगभग आधा है।

कितना है रिलायंस का रेवेन्यू - वित्त 2024-2025 यानी मार्च 2024 से अप्रैल 2025 तक रिलायंस का रेवेन्यू 1,071,174 करोड़ रुपये रहा है। जो यूएस डॉलर में 125.3 अरब होता है। रिलायंस भारत में पहली ऐसी कंपनी बन गई है, जिसने 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व कमाया है।

## बीते सप्ताह इन कंपनियों को लगा झटका, भारत-पाकिस्तान तनाव का दिखा असर, 1.60 लाख करोड़ रुपये डूबे



नई दिल्ली (एजेंसी)। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के मार्केट कैप में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,60,314.48 करोड़ रुपये की गिरावट आई है। शेयर बाजार में गिरावट के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक नुकसान में रही है। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,047.52 अंक या 1.30 प्रतिशत नीचे आया।

सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक , भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं दूसरी ओर इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया।

बीते सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 59,799.34 करोड़ रुपये घटकर 18,64,436.42 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 30,185.36 करोड़ रुपये घटकर 9,90,015.33 करोड़ रुपये रह गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 27,062.52 करोड़ रुपये घटकर 14,46,294.43 करोड़ रुपये पर और एसबीआई का मूल्यांकन 18,429.34 करोड़ रुपये घटकर 6,95,584.89 करोड़ रुपये पर आ गया।

# पांच साल में 35% बढ़ा RBI का सोने का भंडार, भारत के केंद्रीय बैंक के पास है कितना सोना



नई दिल्ली (एजेंसी)। पांच साल में अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। भारत में भी इस दौरान सोना करीब 120 प्रतिशत महंगा हो चुका है। रिटेल खरीदारी कम होने के बावजूद कीमतों में इतना इजाफा हुआ है। इस साल जनवरी से अब तक सोने के दाम 27 प्रतिशत बढ़े हैं। सिर्फ अप्रैल में ही यह 6 प्रतिशत महंगा हुआ है। दाम में इतनी बढ़ोतरी का एक बड़ा कारण है विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों की तरफ से सोना खरीदना। आइए जानते हैं बड़े देशों में किसके पास कितना सोना है और पांच साल में उनके भंडार में कितनी वृद्धि हुई है।

मार्च 2020 में अमेरिका के पास 8133.46 टन, जर्मनी के पास 3364.16 टन, इटली के पास 2,451.84 टन, फ्रांस के पास 2,436 टन, रूस के पास 2299.15 टन और चीन के पास 1948.31 टन सोना था। पांच साल में अमेरिका, जर्मनी, इटली और फ्रांस के सोने के भंडार में तो कोई खास बदलाव नहीं आया। रूस का भंडार बढ़कर 2332.74 टन और चीन का 2,292.31 टन हो गया।

पिछले पांच साल में भारतीय रिजर्व बैंक के सोने के भंडार में सबसे ज्यादा 34.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक इसका सोने का भंडार मार्च 2020 में 653.01 टन था, जो मार्च 2025 में बढ़कर 879.59 टन हो गया। इस तरह इसमें 226.58 टन की वृद्धि हुई। इस दौरान आरबीआई देश में 219.69 टन सोना लेकर आया। पांच साल में चीन के केंद्रीय बैंक ने 344 टन सोना खरीदा, लेकिन उसके भंडार में सिर्फ 18 प्रतिशत वृद्धि हुई।

## चर्चा से दूर रहता है यह डिफेंस स्टॉक, लेकिन रिटर्न के मामले में दिग्गजों को पछाड़ा



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने की वजह से डीफेंस कंपनियों के शेयरों की कीमतों में उछाल देखने को मिली थी। लेकिन एक कंपनी ऐसी भी है जिसकी चर्चा कम हुई है। हम बात कर रहे हैं Krishna Defence and Allied Industries Ltd की। कंपनी के शेयर एनएसई में शुक्रवार को 3.44 प्रतिशत की उछाल के साथ 790 रुपये पर बंद हुआ था। कंपनी सिर्फ एनएसई में लिस्ट हुआ है। ट्रेडब्रेंस की रिपोर्ट के अनुसार इस कंपनी के पास कई बड़े ऑर्डर हैं। कंपनी को मिलने वाले बड़े ऑर्डर्स में से ज्यादातर डिफेंस कंपनियों से मिले हैं। जोकि दर्शाता है कि कंपनी की डिफेंस सेक्टर में अच्छी मौजूदगी है। कई के प्रोडक्ट में शिप बिल्डिंग स्टील, Ballast ब्रिक्स, कंपोजिट डोर्स आदि शामिल है। बता दें, भारत सरकार का डिफेंस सेक्टर पर फोकस बढ़ने की वजह रक्षा उत्पाद बनाने वाली कंपनियों की डिमांड शेयर बाजारों में बढ़ गई है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# अस्तपाल का बुरा हाल, पोस्टमार्टम के लिए रखे शव का गला ही खा गए कुत्ते

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम के सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखें एक युवक के शव का गला कुत्तों द्वारा खाने का मामला सामने आया है। शव की दुर्गति देखकर स्वजनों आक्रोशित हो गए और उन्होंने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया।

नर्मदापुर जिला अस्पताल में मरीजों के इलाज में लापरवाही के कई मामले सामने आए हैं, लेकिन ताजा मामले में एक लाश की सुरक्षा से खिलवाड़ की घटना भी सामने आई है। परिसर में पोस्टमार्टम के लिए रखे एक युवक के शव को कुत्तों ने रात में नोच खाया। इस घटना से अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही उजागर हो गई है। मामला सामने आने के बाद सिविल सर्जन ने ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं।





### सड़क दुर्घटना में हुई थी निखिल की मौत

जिला अस्पताल के नेत्र जांच वार्ड के पास शव रखा हुआ था। पुलिस के अनुसार बनापुरा निवासी निखिल चौरसिया अपने दोस्त रितिक राजपूत और रोहित मेहरा के साथ पालनपुर शादी कार्यक्रम से लौट रहा था। डोलरिया रोड उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिसमें निखिल की मौत हो गई थी। रितिक और रोहित गंभीर हैं।

घटना के बाद पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा था। मृतक के मौसेरे भाई के अनुसार वे रात में शव के पास थे, रात करीब 3:30 बजे वे पानी लेने बाहर गए, इसी दौरान एक कुत्ता आकर शव को नोच ले गया।

### गले पर नोचने का निशान

सुबह मृतक के स्वजन जब आए तो गले के पास गहरा घाव नजर आया। इस लापरवाही को लेकर परिवार ने जमकर हंगामा किया। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में मृतक के स्वजन सुरक्षा गार्ड और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते दिख रहे हैं। इस घटना ने जिला अस्पताल की बदइंतजामी उजागर की है, साथ ही यह सामने आया है कि यहां लाशों की सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं।

मामले को लेकर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सुधीर विजयवर्गीय ने बताया कि जिस युवक की लाश कुत्तों ने नोची है, वह निखिल चौरसिया है। उसकी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। घटना सामने आई है यह मामला बेहद गंभीर है, इस मामले की जांच की जा रही है। रात में यहां ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा गार्ड को नोटिस जारी किया गया है। इस घटना के विरोध में रविवार को युवाओं ने जिला अस्पताल के बाहर सीएमएचओ के खिलाफ नारेबाजी की।

## तेज रफ्तार ट्रक की चपेट आया बाइक सवार परिवार, पति-पत्नी सहित बेटी की मौत




दमोह । दमोह मध्य प्रदेश के देहात थाना क्षेत्र के नरसिंहगढ़ चौकी के ग्राम रामकुटी के पास रविवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी, जिससे पति-पत्नी और उनकी बेटी की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने ट्रक को बरामद कर लिया है।

### शादी समारोह से लौटते समय हादसा

नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी के अनुसार करोड़ी पटेल (45), उनकी पत्नी यशोदा (40) और बेटी आरती (17) ग्राम हटरी में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से अपने गांव बमुरिया किशुनगंज लौट रहे थे।

दमोह-छतरपुर मार्ग पर रामकुटी के पास एक ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। करोड़ी और यशोदा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल आरती को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### ट्रक चालक फरार

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रक चालक वाहन लेकर फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने ग्राम इमलाई के पास ट्रक को पकड़ लिया।

## दिग्विजय सिंह बोले- सीजफायर की घोषणा के बाद पाकिस्तान का मिसाइल दागना गलत, सख्ती से रोक लगना चाहिए



गुना । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि युद्ध विराम की घोषणा के बाद पाकिस्तान का मिसाइल दागना गलत है। इस पर सख्ती से रोक लगना चाहिए। राज्यसभा सदस्य सिंह रविवार सुबह शहर के हड्डी मिल क्षेत्र में भू-माफिया से पीड़ित आदिवासी परिवार से मिलने पहुंचे थे।

इस दौरान वे मीडिया से अनौपचारिक चर्चा कर रहे थे। दिग्विजय ने कहा कि हर समस्या का निदान बातचीत है, जबकि युद्ध तो आखिरी विकल्प होता है। सिंह ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवादियों का गढ़ बन चुका है। वहां की सरकार आतंकवादियों को पैसे का लालच देकर ट्रेनिंग देती है, जिसके बाद उन्हें आतंकवादी गतिविधियों में शामिल करती है।युद्ध विराम की घोषणा के बाद भी मिसाइल दागी

यह सब बातें अब साफ होकर उजागर हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश देश भी स्वीकार कर चुके हैं कि पाकिस्तान पूरी तरह आतंकियों का गढ़ बन चुका है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें दुख है कि युद्ध विराम की घोषणा होने के बाद पाकिस्तान द्वारा भारत पर मिसाइल दागे गए, जो उचित नहीं है।

इस पर सख्ती से रोक लगाई जाना चाहिए। युद्ध के समय विपक्ष के भारत सरकार के साथ खड़े होने के सवाल पर सिंह ने कहा कि जब देश संकट में हो, तो सभी को राजनीति से परे होना चाहिए। हम भारत सरकार और सेना के साथ खड़े हैं और जरूरत में पूरा समर्थन करेंगे।

## सतना जिले में खेत पर सो रहे मां-बेटे पर कुल्हाड़ी से हमला, बुजुर्ग महिला की हो गई मौत

सतना । सतना जिले के बरौंधा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खोही के बकोट गांव में बुर्जुग मां व उसके बेटे के ऊपर देर रात अज्ञात बदमाशों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें 64 वर्षीय मिंता वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई है। बेटे लखन वर्मा उम्र 22 वर्ष गंभीर रुप से घायल होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल युवका का इलाज किया जा रहा है। इस संबंध में बरौंधा थाना प्रभारी अभिनव सिंह ने बताया कि घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात करीब दो बजकर तीस



मिनट की है। जहां ग्राम पंचायत खोही के बकोट गांव में बुर्जुग महिला मिंता वर्मा अपने बेटे लखन के साथ खेत के किनारे बनी झोपड़ी में सो रहीं थी।तभी दोनों मां व बेटे के ऊपर किसी ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसमें मां की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि बेटे को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### संदेहियों को पुलिस ने उठाया

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखवाया है। घायल बेटे को जिला हॉस्पिटल भिजवाने के बाद बरौंधा थाना पुलिस गांव के ही कुछ संदेहियों को उठाकर पूछताछ में जुट है। हालांकि हत्या व हमले के कारण सामने नहीं आ सकें है। संभवतः नशे में होने के चलते ही पूरी घटना को अंजाम दिया गया है। बताया यह भी जाता है कि आरोपित नाबलिग है।

## फ्री खाद्यान्न योजना से हटाए 15 लाख नाम, 83 लाख का ई-केवायसी बाकी

भोपाल। खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत प्रतिमाह दिए जाने वाले निश्शुल्क खाद्यान्न का लाभ केवल पात्र व्यक्तियों को ही मिले, इसके लिए ई-केवायसी करवाया जा रहा है। मध्य प्रदेश में अभी तक 15 लाख ऐसे हितग्राही चिह्नित किए गए हैं, जिनका या तो निधन हो गया है या फिर वे चार माह से खाद्यान्न लेने नहीं आए।

इन सभी के नाम पात्रता सूची से हटाए गए हैं। अभी भी 83 लाख हितग्राहियों का ई-केवायसी होना बाकी है। इनमें भी तीन से चार लाख ऐसे हितग्राही हो सकते हैं, जिनका नाम दो जगह दर्ज है, उनका निधन हो चुका है या फिर खाद्यान्न लेने ही नहीं आ रहे हैं। ऐसे हितग्राहियों का नाम सूची से काटकर नए नाम जोड़े जाएंगे।खाद्य सुरक्षा कानून के प्रविधान के अंतर्गत मध्य प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के 5.46 करोड़ हितग्राही हो सकते हैं। यह संख्या साढ़े पांच करोड़ को पार कर गई थी। जांच कर कुछ नाम छांटे गए फिर भी अपात्रों को राशन मिलने की शिकायतें आ रही थीं। इसे देखते हुए सरकार ने ई-केवायसी की प्रक्रिया प्रारंभ की। इसमें एक-एक हितग्राही की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आधार आधारित बायोमैट्रिक सत्यापन कराया जा रहा है।

इसमें साढ़े चार लाख हितग्राही तो ऐसे पाए गए जो चार माह से राशन लेने के लिए नहीं आ रहे हैं। जबकि, योजना में निश्शुल्क खाद्यान्न देने का प्रविधान है। इसी तरह जांच में यह भी सामने आया कि लगभग 10 लाख हितग्राही ऐसे हैं, जिनका या तो निधन हो चुका है या फिर कहीं चले गए हैं।



# सामूहिक विवाह सम्मेलनों से वित्तीय मितव्ययता को मिल रहा प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश विकसित राज्य बनने की ओर अग्रसर है। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री काल में मध्यप्रदेश बिजली आपूर्ति और सिंचाई व्यवस्था में आत्मनिर्भर बना। प्रदेश के गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा है। यह सिर्फ सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रसंग नहीं है, आज यहां बुधनी विधानसभा में विकास कार्यों को गति देने के लिए 170.42 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी हुआ है। यह इस क्षेत्र के विकास की ओर बढ़ाया गया एक और नया कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के भेरूंदा स्थित ग्राम पिपलानी में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में सामूहिक विवाह सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में क्षेत्रीय जनजातीय (गोंड) समाज के 572 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पहले बेटियों का विवाह कठिन प्रसंग होता था। बेटी की शादी के लिए गरीबों और किसानों को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ती थी, लेकिन केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सबसे पहले चंदा जुटाकर गरीब कन्याओं का विवाह कराने की शुरुआत की। बाद में शासन स्तर पर योजना तैयार की गई और सामूहिक विवाह सम्मेलनों की शुरुआत हुई। आज समाज का हर वर्ग इस योजना के जरिए न केवल फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से बच रहा है, वरन् सामूहिक विवाह सम्मेलनों से समाज में वित्तीय मितव्ययता की प्रवृत्ति को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। सनातन समाज में विवाह केवल दूल्हा-दुल्हन का रिश्ता नहीं है, यह दो परिवारों के लिए भी एक नए संबंध की शुरुआत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बुधनी में फोरलेन, मेडिकल कॉलेज और गारमेंट कारखाने स्थित हैं। सलकनपुर में देवीलोक का विकास कार्य भी प्रगति पर है। शुक्रवार को ही दमोह के बांदकपुर में भी देवश्री जागेश्वर महादेव लोक का भूमि-पूजन किया गया है। हमारी सरकार केंद्रीय मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा प्रारंभ सभी कार्यों को आगे बढ़ा रही है। बुधनी क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने 2600 रुपए प्रति क्विंटल गेहूं खरीदा है। पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार ने डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना शुरू की है, जिसमें किसानों को 25 से 33 प्रतिशत अनुदान भी मिल रहा है। प्रदेश में दूध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने हर ब्लॉक में एक गांव को आदर्श वृंदावन ग्राम बनाने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत एक शक्ति संपन्न देश है, जो किसी भी दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार नहीं तीन-तीन बार सर्जिकल स्ट्राइक की हैं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर बहनों का सुहाग उजाड़ा है। अब ऑपरेशन सिंदूर से आतंकी और उनके ठिकानें ध्वस्त किए जा रहे हैं। भारत की शक्ति को दुनिया देख रही है।

केंद्रीय कृषि विकास एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत देश अद्भुत है, जहां शहनाइयों के साथ-साथ सीमा पर नगाड़े भी बज रहे हैं। भारत की ओर कोई आंख उठाकर देखेगा, तो हम उसे छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने कहा कि आज हमारे नवदम्पत्ति भी भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। विवाह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें मिलकर चलना पड़ता है। बेटियों के साथ संकल्प लीजिए कि हम सब देशवासी सरकार और सेनाओं का साथ देकर उनका मनोबल बढ़ायेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश

## नया कीर्तिमान स्थापित करेगी तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना - मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि तापी बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के विकास का नया आयाम स्थापित करेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के लिए मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के सरकार के बीच आज एमओयू किया जा रहा है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडनवीस विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपने सभी पड़ोसी राज्यों के साथ जल बंटवारे को लेकर आपस में जनता के हित में पीने के पानी और सिंचाई सुविधा के विकास लिए आगे बढ़ रहा है। आज ही महाराष्ट्र सरकार साथ एमओयू होने वाला है। आपसी सहयोग से हम जल भंडारण का नया प्रोजेक्ट बना रहे हैं जो विश्व का एक अनूठा प्रोजेक्ट होगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का स्वागत और अभिनंदन है। दोनों राज्यों ने मिलकर यह योजना बनाई है। हम आपसी सहयोग से इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जिस प्रकार से नदी जोड़ो का महा अभियान प्रारंभ किया है, इसमें सहभागिता करते हुए मध्यप्रदेश अपने पड़ोस के सभी राज्यों से तालमेल कर रहा है। मध्यप्रदेश में केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोडो परियोजना पर हमने हाल ही में काम प्रारंभ किया है। इससे पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र के लोगों का जीवन बदलेगा। इसी प्रकार राजस्थान सरकार के साथ हमारा पार्वती-कालीसिंध-चंबल राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का काम भी प्रारंभ हुआ है।

## भारत में बैन हुए तुर्किये-अजरबैजान टूर, पाकिस्तान का समर्थन करना पड़ेगा भारी



इंदौर भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। संगठन ने तुर्किये और अजरबैजान की ट्रैवल बुकिंग तत्काल प्रभाव से बंद कर दी है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि देशभर के 3,500 से अधिक सदस्य ट्रैवल एजेंट्स ने इन दोनों देशों की बुकिंग और प्रमोशन पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही सरकार को पत्र लिखकर मांग की गई है कि तुर्किये और अजरबेजान के खिलाफ कड़ी एडवाइजरी जारी की जाए। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि इन दोनों देशों ने भारत-पाक संघर्ष की स्थिति में खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हमेंद्र सिंह जादौन ने बताया कि तुर्किये और अजरबैजान ने पाकिस्तान के आतंकवाद का समर्थन किया है, जिससे नाराज होकर दोनों देशों की बुकिंग और प्रमोशन पूरी तरह से रोक दिए गए हैं।

## लोक अदालत जनमानस में कानूनी अवधारणा पर विश्वास जागृत करने का माध्यम - मुख्य न्यायाधिपति सुरेश कुमार कैत



सुरेश कुमार कैत द्वारा म0प्र0 उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित

इंदौर। जब विवादों का समाधान समझदारी, निष्पक्षता और आपसी समझौते से किया जाता है तो समाज में समरसता का संचार होता है। लोक अदालतें जनसामान्य में आशा की किरण के रूप में काम करती हैं जो विवादों का सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निराकरण करती हैं। न्याय पालिका की भूमिका सिर्फ मामलों का निराकरण करना नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था में विश्वास पैदा करना है। उक्त विचार मान. मुख्य न्यायाधिपति श्री समारोह में वर्तमान वर्ष की द्वितीय नेशनल लोक अदालत के वर्चुअल उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए व्यक्त किये। इस अवसर पर मान. न्यायाधिपति ने कहा कि नेशनल लोक अदालत तक पक्षकारों को लाने के लिए अधिवक्ताओं की विशेष भूमिका होती है। नेशनल लोक अदालत की सफलता अधिकारी,कर्मचारी एवं अधिवक्ताओं के समग्र प्रयासों से ही प्राप्त होती है।

## समाजिक एकता और भाईचारा बढ़ाने में सामूहिक विवाह बेहद सहायक : मुख्यमंत्री




इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम हमारी सरकार की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं जिसमें हम प्रदेश की हर बेटी को सम्मान और गरिमा के साथ नए जीवन की शुरुआत करने में सहायता देते हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में भी बेहद सहायक होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से देवास के बागली विधानसभा क्षेत्र में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 230 बेटियों का कन्यादान और 15 बेटियों का निकाह कराकर उन्हें नये जीवन में प्रवेश कराया गया।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के जल क्षेत्र में छोड़े कछुए



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गत दिवस भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य जीवों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए किए जा रहे प्रयासों का निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान वन विहार राष्ट्रीय उद्यान से सटे भोज ताल के जल क्षेत्र में कुछ नन्हे कछुओं को उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कछुओं की प्रजातियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने वन विहार के अन्य प्राणियों के रखरखाव और पर्यटन विकास के लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी एवं वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वन्य प्राणियों के रखरखाव और देखभाल में संलग्न स्टॉफ उपस्थित था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैटरी चलित वाहन से वन विहार क्षेत्र का निरीक्षण भी किया।

## महापौर मेगा रोजगार मेला 11 मई को इंदौर में आयोजित

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 11 मई को दशहरा मैदान में आयोजित महापौर मेगा रोजगार मेला का उदघाटन करेंगे। महपौर श्री पुष्पमित्र भार्गव की पहल पर आयोजित इस रोजगार मेले में 100 से अधिक कम्पनियों द्वारा 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार का सुनहरा अवसर दिया जायेगा। नगर निगम द्वारा युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महापौर मेगा रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण आयोजन की जानकारी देते हुए महापौर श्री पुष्पमित्र भार्गव ने बताया कि रोजगार मेले के प्रति युवाओं में अत्यधिक उत्साह है और अब तक 9 हजार 500 से अधिक युवाओं ने पंजीयन करवा लिया है। मेले का उद्देश्य निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 10 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

प्रमुख आकर्षण और विशेषताएँ- 100 से अधिक प्रमुख कंपनियाँ करेंगी भागीदारी, जिनमें शामिल हैं पेटीएम, टॉरस प्राइवेट लिमिटेड, पटेल मोटर्स, एयरटेल, ज़ोमेटो, सोनी इंडिया, नीयट लिमिटेड, डॉ. रेड्डी ग्रुप सहित अन्य आईटी, रिटेल, ई-कॉमर्स, फार्मा, कंसल्टेंसी, फिनटेक, सेल्स, मार्केटिंग, अकाउंटिंग और फाइनेंस क्षेत्र की कंपनियाँ।

रोजगार के 10,000+ अवसर- कंपनियाँ युवाओं की योग्यता के आधार पर ऑन-द-स्पॉट चयन की प्रक्रिया अपनाएँगी।

करियर काउंसलिंग और गाइडेंस- विशेषज्ञों द्वारा सीवी लेखन, इंटरव्यू टिप्स, स्किल डेवलपमेंट और प्रशिक्षण कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी।

### पात्रता और आवश्यक दस्तावेज़

उम्मीदवारों को निम्नलिखित दस्तावेज़ साथ लाने होंगे।

बायोडाटा

पासपोर्ट साइज फोटो

पहचान पत्र (आधार, वोटर आईडी आदि)

शैक्षणिक योग्यता के प्रमाणपत्र (10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर)

कुछ कंपनियाँ विशेष योग्यता या अनुभव की माँग कर सकती हैं

बेसिक कम्युनिकेशन स्किल्स और टेक्निकल स्किल्स अनिवार्य हो सकते हैं

## इंदौर के स्टेडियम के बाद अब बांबे अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी



इंदौर। इंदौर में दो दिन पहले होलकर स्टेडियम को उड़ाने की धमकी मिली थी, वहीं अब शहर के सबसे बड़े निजी अस्पताल को बम में उड़ाने की धमकी मिली है, हालांकि जांच में पुलिस को कुछ नहीं मिला। बांबे अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस पता कर रही है कि यह मेल किस देश से आया है। बांबे अस्पताल के ई मेल पर शनिवार सुबह धमकी मिली कि अस्पताल में बम है। जब प्रबंधन को धमकी की जानकारी मिली,तो बांबे अस्पताल के एडमिनिस्ट्रेशन डायरेक्टर राहुल पाराशर ने लसुड़िया थाने में इसकी शिकायत की।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# देश को सलाम दुनिया को अमन और शांति का पैगाम....

## सिद्धाश्रम में सांकेतिक रूप से हुआ 11:11:11 सेकंड पर अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग

उज्जैन। प्रतिवर्ष नरसिंह जयंती के अवसर पर प्रातः 11:11:11 सेकंड पर होने वाले इस अनूठे कार्यक्रम में मां शिप्रा संरक्षण के संकल्प के साथ ही अबकी बार देश की वर्तमान परिस्थितियों में देश को हौसला और विश्वास दिलाने के लिए सैनिकों के सम्मान स्वरूप तथा विश्व में फैली अशांति और उन्माद से ग्रसित लोगों को सद्बुद्धि देने और विश्व में अमन चैन और शांति के आह्वान के साथ सांकेतिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग किया गया।



पारदेश्वर महादेव मंदिर सिद्धाश्रम नरसिंह घाट उज्जैन पर आयोजित इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर डॉ स्वामी नारदानंद जी, स्वामी प्रणवानंद जी, संयोजक विजय कौशिक, यू एस ए से आए हुए आध्यात्मिक संगीतकार कमारी जयदीप एवं देश विदेश तथा आश्रम परिवार के कई लोगों ने भाग लिया तथा ठीक 11 बजकर 11 मिनट 11 सेकंड पर 11 बार ओमकार का नाद किया।

कार्यक्रम संयोजक विजय कौशिक ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग मे कई श्रद्धालु ऑनलाइन भी जुड़े और आत्म शांति, विश्व शांति की कामना के साथ देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें सलूट करने के लिए इस बार का यह ओंकार नाद किया गया।

# मदर्स डे स्पेशल थीम पर मातृ शक्ति पर केंद्रित रहा योग शिविर

उज्जैन। खण्डेलवाल वैश्य पंचायत भवन में 11 मई रविवार को सुबह 8 से 9 बजे तक योग शिविर आयोजित हुआ, जिसमें पहली बार खण्डेलवाल समाज की तीनों महिला इकाई खण्डेलवाल महिला मंडल, खण्डेलवाल लेडीज विंग एवं खण्डेलवाल क्वींस क्लब की विशिष्ट सहभागिता रही।



योग गुरु पंकज शर्मा के निर्देशन में सर्वप्रथम स्ट्रेचिंग- व्यायाम उसके बाद महिलाओं से जुड़े रोगों पर आधारित योगासन का प्रशिक्षण प्राप्त होने के पश्चात सभी ने साथ में हेल्दी फूड स्प्राउट्स अल्पाहार का आनंद लिया। मातृ दिवस के इस शुभ अवसर पर सिंगर अक्षत के द्वारा अपने गिटार के साथ मां पर दिल को छूने वाले गीत प्रस्तुत किए जिस पर योगासन ध्यान लगाया गया।

योग प्रशिक्षक पंकज एवं महक शर्मा एवं गिटारिस्ट अक्षत का अभिनंदन खण्डेलवाल वैश्य पंचायत सचिव अनिल सामरिया, उत्सव प्रभारी देवेंद्र जंघीनिया, समन्वयक राजेंद्र सोखिया, भवन प्रभारी मनीष मेहरवाल ने किया।

साथ ही कार्यकारिणी मनोनीत सदस्यों सुनील झालानी, सुशील सामरिया, प्रवीण खण्डेलवाल, दिलीप पाटोदिया ने उपस्थित सभी मातृ शक्ति उषा गुप्ता, वंदना गोलिया, मंजू खंडेलवाल, उषा खंडेलवाल, मनीषा झालानी, सरोज जंघीनिया, ज्योति खंडेलवाल, संगीता बुसर, रंजना सामरिया, मोनिका झालानी का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश माचीवाल, ज्ञानेंद्र कासलीवाल, धर्मेन्द सौखिया उपस्थित थे। संचालन जनसंपर्क एवं मीडिया प्रभारी अर्पित गुप्ता ने किया।

अर्पित गुप्ता ने बताया कि अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले आयोजन की प्रत्येक वर्ष की एक वैश्विक थीम निर्धारित होती है, जिसके अनुरूप वर्ष भर उत्सव

### तपस्वी कर्म विनाश भंडारा 23 से 25 मई तक बाबा जयगुरुदेव आश्रम, उज्जैन पर होगा

उज्जैन। तपस्वी कर्म विनाश भंडारा 23 से 25 मई 2025 तक उज्जैन आश्रम पर होने जा रहा है। अभी जो कुछ दिन से लगातार सब जगह अखण्ड साधना शिविर चल रही है, उसमें साधना करने वाले जिनको कुछ अन्तर में मिला है (आध्यात्मिक दौलत), उसी को और बढ़ाने के लिए इस शुभ मुहूर्त पर भारी संख्या में साधक समाज आएगा। साथ ही साथ अखण्ड साधना शिविर में बैठने वालों को जो दैहिक, दैविक, भौतिक कष्टों में राहत मिली है, ऐसे लोग भी आ रहे हैं। इन साधकों के लिए 17 से 22 मई तक पांच दिवसीय अखण्ड साधना शिविर उज्जैन आश्रम पर लगाई जा रही है।सतसंग व नामदान समय परिस्थिति के अनुसार गुरु की विशेष दया से हो पाएगा।

# म.प्र प्रायवेट टीचर्स एसोसिएशन का 22 वां स्थापना दिवस मनाया गया

उज्जैन। शनिवार को म.प्र. प्राइवेट टीचर एसोसिएशन, उज्जैन शाखा द्वारा का 22 वां स्थापना दिवस संरक्षक विमल सिंह के मार्गदर्शन में मनाया गया।



अनेकता में एकता के संदेश के साथ इस कार्यक्रम में निजी विद्यालयों में कार्यरत अनेक शिक्षक साथियों ने अपने विचार एवं समस्याओं से अवगत कराया।संस्था का उद्देश्य निजी विद्यालयों से जुड़ी समस्याओं को एकता के साथ हल करना है। उज्जैन जिलाध्यक्ष श्रीमति तारा पुलेकर द्वारा संचालन किया गया एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील राठौर ने आभार व्यक्त किया।

स्वागत संस्था उपाध्यक्ष श्रीमति सुनीता राजपूत द्वारा किया गया। संस्था स्थापना दिवस के अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष पुलेकर,सुनीता राजपूत उपाध्यक्ष,सुनील राठौड़ वरिष्ठ उपाध्यक्ष,शाहनवाज सर सह सचिव,तनवीर मंसूरी, तरन्नुम मंसूरी,संजय पांचाल,लीना मैम, सकलेन सर,फरहा रोशी,रोजीना खान,.मनीष विश्वकर्मा,रंजीता सैनी,सुनीता वाडिया, यश सोनी, .साइमा खान आदि मौजूद रहे कार्यक्रम की मीडिया प्रभारी श्रीमति ज्योत्सना उपाध्याय ने दी।

# बैडमिंटन खेल में पद के लिए नहीं, पदक के लिए आया हूँ – वैभव यादव



उज्जैन। उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा पदभार ग्रहण एवं खेल अभिनंदन समारोह का भव्य ऐतिहासिक आयोजन माधव क्लब में किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेडा थे। अध्यक्षता मध्यप्रदेश बैडमिंटन संगठन के महासचिव अनिल चौगुले इंदौर ने की। विशेष अतिथि के रूप में निगम मेयर मुकेश टटवाल, सभापति कलावती यादव, मध्यप्रदेश बैडमिंटन संगठन की सिलेक्शन कमेटी के सदस्य अमरीश नाडकर थे। इस अवसर पर लगातार 25 वर्षो से बैडमिंटन खेल को तराशने वाले मध्य प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण वशिष्ठ ने खेल भावना के साथ उज्जैन जिला बैडमिंटन संगठन के अध्यक्ष पद पर बैडमिंटन की युवा प्रतिभा वैभव यादव को अध्यक्ष पद का ताज सौंप दिया।

उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष वैभव यादव का शाल, श्रीफल, दुपट्टा एवं आकर्षक मोमेंटो द्वारा विशिष्ट अभिनंदन किया गया। वैभव यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैं खेलों में पद के लिए नहीं वरन पदक के लिए आया हूं। उज्जैन के हर खेलो और खिलाड़ियों का उत्थान हो खेल सुविधाएं प्राप्त हो यही मेरा संकल्प है। मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेडा ने कहा की उज्जैन के सांस्कृतिक वैभव के साथ-साथ खेलों के विकास और वैभव में भी आने वाले समय में हिज़ाफा होगा। मेयर मुकेश टटवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी समय में नगर पालिक निगम खेलों के विकास में भरपूर योगदान प्रदान करेगा। सभापति कलावती यादव ने कहा कि पद पर बने रहने के लिए प्रवीणता, सहजता, समरसता, सरलता, मान सम्मान का ध्यान रखते हुए अनुभवी व्यक्तित्व के मार्गदर्शन में कार्य करने से सफलता का परचम फहराना है। शाब्दिक स्वागत प्रवीण वशिष्ठ ने दिया। इस अवसर पर अनिल चौगुले ने नवनियुक्त अध्यक्ष वैभव यादव, सचिव अनुराग शर्मा, कोषाध्यक्ष अश्विन शर्मा को शपथ दिलवाई। सूत्रधार स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास थे। आभार प्रदर्शन ओंकार पाल ने किया। उज्जैन जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा प्रवीण वशिष्ठ की 25 वर्षीय सेवाओं के लिए खेल उपलब्धि अभिनंदन पत्र के माध्यम से सम्मानित किया। अभिनंदन पत्र का वाचन रवि ठक्कर इंदौर ने किया। इस अवसर पर राजेश कुशवाह, डॉ रवि रविंद्र सोलंकी, पूर्व मिस्टर इंडिया जितेंद्र सिंह कुशवाह, इंजी गजेंद्र मेहता, अरविंद जोशी, राजेश शर्मा, सतीश मेहता विशेष रूप से उपस्थित थे।

# वो गर्मियों में घनी छाँव सर्दियों में कड़ी धूप होती है-डॉ. विजय सुखवानी



उज्जैन। रूपांतरण दशहरा मैदान पर आयोजित ग़ज़लांजलि की काव्य संध्या मातृ-दिवस पर केन्द्रित रही। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में डॉ. विजय सुखवानी ने वो गर्मियों में घानी छाँव सर्दियों में कड़ी धूप होती है, माँ और कोई नहीं धरती पर ईश्वर का रूप होती है ग़ज़ल पढ़ी। सत्यनारायण सत्येन्द्र ने सात फेरों के बंधन में बँधी चल देती हो, तुम माँ हो कविता का पाठ किया। कभी सागर कभी दरिया कभी पुष्कर बनी है माँ, कभी फूलों-सी कोमल तो कभी पत्थर बनी है माँ ग़ज़ल अशोक रक्ताले ने पढ़ी। शायर व्ही.एस. गहलोत साकित ने माँ के प्यार पे निसार मेरा संसार है, माँ के संग दुखों में पायी हिम्मत आधार है ग़ज़ल सुनाई। शायर आरिफ़ अफ़जल ने पाकिस्तान से चल रही जंग के बीच लिखी ग़ज़ल मोहब्बत की तुझसे न बात होगी, अब जंग में ही तुझसे मुलाक़ात होगी पढ़ी। अवधेश वर्मा नीर ने भारत की सेना का जलवा इस बार पुन~ देख रहे हैं कविता से अपनी बात रखी तो विनोद काबरा ने कल है दूर आज बदलो, कटुता को प्रेम में बदलो से दुश्मन देश को चेतावनी दी। नि~संदेह विनाशकारी है युद्ध मानवता के लिए टालना चाहिए इसे यथा सम्भव क्षणिका के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किये। डॉ. आर. पी. तिवारी ने गोष्ठी को पुन~ मातृ-दिवस की ओर ले जाते हुए अतिशय है अनमोल अलौकिक माँ का अतुलित प्यार, जिससे अनुप्राणित संसार गीत पढ़ा।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, ( म.प्र. ) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com